भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या-115
उत्तर देने की तारीख-27/07/2026

मुर्शिदाबाद में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना

†*115. **श्री अबू ताहेर खान:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद लोक सभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना किए जाने से संबंधित कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;
(ग) क्या राज्य सरकार ने प्रस्तावित केन्द्रीय विद्यालय के लिए भूमि चिह्नित और आवंटित कर दी है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
शिक्षा मंत्री
(श्री प्रह्लाद जोशी)

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

“मुर्शिदाबाद में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना” के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री अबू ताहेर खान द्वारा दिनांक 27.07.2026 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 115 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) से (घ): नए केंद्रीय विद्यालय (केवि) खोलना एक सतत् प्रक्रिया है। केवि पूरे देश में शिक्षा का एक समान कार्यक्रम प्रदान करने हेतु मुख्य रूप से केंद्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों सहित रक्षा और अर्ध-सैन्य कर्मियों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थान (आईएचएल) के बच्चों की शैक्षिक जरूरतों को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं। नए केवि खोलने के प्रस्तावों को भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किया जा सकता है जिनमें केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) के मानदंडों के अनुसार एक नया केवि स्थापित करने के लिए निःशुल्क अपेक्षित भूमि और उपयुक्त किराया-मुक्त अस्थायी आवास को उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता शामिल होती है। केवि जनसंख्या/क्षेत्र/संसदीय निर्वाचन क्षेत्र/जिला या राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के मानदंडों के आधार पर नहीं खोले जाते हैं।

वर्तमान में, बेरहमपुर, जिला मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल राज्य में एक केवि सहित कुल 62 केवि कार्यात्मक हैं। केविसं से प्राप्त जानकारी के अनुसार, केविसं को संबंधित राज्य सरकार/जिला प्रशासन से पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद लोक सभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में एक नया केन्द्रीय विद्यालय खोलने हेतु कोई व्यवहार्य प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****